


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 254 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, शनिवार 23 जुलाई 2022



पेज -3 पर ईडी के कार्यवाही के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन...

बाढ़ राहत के नाम पर राजनीति करना बंद करें विक्रम और महेश-जेसीसीजे पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


वन मंडल में कैम्पा कार्यों में भारी भ्रष्टाचार

## विधानसभा में उठा मामला, नेता प्रतिपक्ष ने की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग

रायपुर। बिलासपुर वन मंडल में कैम्पा कार्यों में शिकायतों की एक लंबी फेहरिस्त है. आलम यह है कि शिकायत पर की गई जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हो रही है. नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा के मानसून सत्र में इन मामलों को जोर-शोर से उठाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है. ज्ञात हो कि कैम्पा के सीईओ श्रीनिवास राव हैं.





विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण सूचना में बिलासपुर वनमंडल में कैम्पा के माध्यम से किये गये कार्यों में अनियमितता की बात कही. उन्होंने कहा कि बेलगहना परिक्षेत्र के अंतर्गत 29 सितम्बर 2021 को की गई शिकायत में कोटा उपवनमंडलाधिकारी के जांच प्रतिवेदन का हवाला दिया, जिसमें बताया गया कि काम नहीं करने के बाद भी 15 व्यक्तियों के खाते में फर्जी तरीके से 8,59.407 रुपए जमा कर शासकीय राशि की गबन किया गया है. इसमें जांच अधिकारी ने तत्कालीन परिक्षेत्र सहायक व परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना को दोषी माना है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. नेता प्रतिपक्ष ने इसके साथ बेलगहना क्षेत्र अंतर्गत आमानाला ब्रशवुड चेकडेम में अनियमितता प्रतिवेदन मिलने के बाद भी वनमंडलाधिकारी द्वारा कार्यवाही नहीं करने से संदेह उत्पन्न होने की बात कह. इसके अलावा कहुआ नाला में मजदूरों को फर्जी भुगतान करने सहित अनियमितता के अनेक प्रकरणों का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि कार्य में अनियमितता की जांच कर दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है. यही नहीं इस वनमंडल में कैम्पा योजना को लेकर विगत दो वर्षों में 10 से अधिक नामजद शिकायतें हुई है, लेकिन किसी भी दोषी के ऊपर कार्यवाही नहीं की गई है, जिसमें आम जनता में भारी रोष है.

### मंत्री मोहम्मद अकबर ने विधानसभा में दिया जवाब

*नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के व्यतव्य के मद्देनजर स्पष्ट किया कि वन परिक्षेत्र से दो सालों में दस नहीं बल्कि केवल दो शिकायतें प्राप्त हुई है. बेलगहना वन परिक्षेत्र के अंतर्गत हितग्राहियों को वेतन भुगतान की शिकायत पर कोटा उपवनमंडलाधिकारी को जांच हेतु निर्देशित किया गया था.कोटा उपवनमंडलाधिकारी के जांच प्रतिवेदन में प्रारंभिक रूप से अनियमितता दिखाई दे रहा है. इसका परीक्षण उच्च अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है. अंतिम जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत दोषी व्यक्ति यों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।*

विधानसभा में खराब सड़कों पर हंगामा

## विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, सरकार मुंगेली की सभी परियोजनाएं वापस ले ले

संयुक्त विपक्ष ने वॉकआउट किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में तीसरे दिन भी खूब हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में खराब सड़कों का मामला उठा। विपक्ष के विधायकों ने आरोप था कि केवल सत्ता पक्ष के विधायकों-मंत्रियों के क्षेत्र में ही काम कराया जा रहा है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधायक धर्मजीत सिंह ने यहां तक कह दिया कि सरकार मुंगेली जिले में स्वीकृत सभी काम वापस ले ले। नाराजगी और हंगामे के बीच जनता कांग्रेस और भाजपा के विधायकों ने वॉकआउट किया।




बसपा विधायक ने प्रश्नकाल में जांजगीर-चांपा के जैजैपुर विधानसभा में सड़कों को लेकर सवाल किया। सामने आया कि जिन सड़कों को कभी स्वीकृति दी गई थी, उनके लिए बजट का आवंटन नहीं किया गया। ताम्रध्वज साहू की जगह पर लोक निर्माण विभाग के सवालों का जवाब दे रहे वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जवाब से चंद्रा संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना था कि सरकार अनदेखी कर रही है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधायक धर्मजीत सिंह भी सवालों को लेकर खड़े हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल मंत्री और सत्ता पक्ष के विधायको के क्षेत्र में सड़कों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल रही है। उन्होंने कहा, जिन परियोजनाओं के मंजूरी के नाम पर सरकार स्थानीय लोगों से वाहवाही पा रही है। लोग सम्मानित कर रहे हैं। उन परियोजनाओं को भी बाद में बंद कर दिया जा रहा है। धर्मजीत सिंह ने कहा, सरकार मुंगेली में ऐसे सभी काम वापस ले ले। बाद में मंत्री के जवाब से असंतुष्ट धर्मजीत सिंह ने वॉकआउट किया।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री ने बिसाहू दास महन्त की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय श्री बिसाहू दास महन्त की 23 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने श्री महन्त को याद करते हुए कहा है कि महंत जी का पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ-साथ सफल राजनेता के रूप में उनकी छवि रही है।

श्री बघेल ने कहा है कि महंत जी ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। उन्होंने खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के माध्यम से लोगों की बेहतरी के लिए कार्यों को बखूबी अंजाम दिया। स्वर्गीय श्री महन्त के बताये जनकल्याण के मार्ग पर चलकर प्रदेश के विकास को नये आयाम देने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

## पुलिस नक्सली मुठभेड़, एक माओवादी का शव बरामद

*पुलिस का दावा-3 से 4 नक्सली मारे गए, मौके से हथियार भी मिले; सर्च ऑपरेशन जारी*

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। अफसरों ने दावा किया है कि जवानों ने इस मुठभेड़ में करीब 3 से 4 माओवादियों को ढेर किया है।



फिलहाल एक वर्दीधारी माओवादी का शव बरामद कर लिया गया है। जवान अब भी मौके पर मौजूद हैं। घटनास्थल की सर्चिंग की जा जारी है। मामले की पुष्टि स्क सुनील शर्मा ने की है। मामला फुलबगड़ी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, गोगुंडा और मुलेर के जंगल-पहाड़ी की तरफ जवान सर्चिंग के लिए निकले हुए थे। इस बीच पहले से ही घात लगाकर बैठे माओवादियों ने जवानों को देख फायर खोल दिया। जवानों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल का सहारा लेकर भाग खड़े हुए।

जब घटनास्थल की सर्चिंग की गई तो एक वर्दीधारी माओवादी का शव बरामद किया गया। शव के पास से हथियार समेत अन्य सामग्री भी जवानों ने बरामद की है। सुकमा के स्क सुनील शर्मा ने बताया कि, इस मुठभेड़ में करीब 3 से 4 माओवादियों के मारे जाने की खबर है। फिलहाल एक वर्दीधारी पुरुष माओवादी का शव बरामद किया गया है। मृत नक्सली की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जवान अभी मौके पर ही मौजूद हैं। घटना स्थल पर खून के धब्बे भी मिले हैं। हथियार भी बरामद किया गया है।

## रायपुर पहुंचने से पहले शिक्षक नेता गिरफ्तार

### दुर्ग में सहायक शिक्षक फेडरेशन के नेताओं को घर से उठाया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के प्रदर्शन से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। वेतन विसंगति को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन शुक्रवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहा था। इससे पहले कि प्रदेश के जिलों से निकल कर टीचर राजधानी रायपुर पहुंच पाते, पुलिस उनके घर पहुंच गई। दुर्ग में जहां शिक्षक नेताओं को पकड़ा गयागौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 50 टीचरों को गिरफ्तार किया गया है। दुर्ग जिले में भिलाई-3 पुलिस ने शुक्रवार सुबह संघ के प्रदेश सचिव शुखनंदन यादव को चरोदा और जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा भिलाई तीन स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया है। इसी तरह पाटन ब्लाक अध्यक्ष विनोद देवांगन, पाटन ब्लाक से मोहन यादव, दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष युवराज बेलचंदन और धमधा ब्लाक अध्यक्ष उत्तम ठाकुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद फेडरेशन के पदाधिकारी सिरसा गेट में पुलिस कार्रवाई का विरोध करेंगे।



रेलवे स्टेशन से ही उठा ले गई पुलिस

GPM जिले के शिक्षक वादा निभाओ रैली और विधानसभा का घेराव के लिए रायपुर जाने निकले। ये शिक्षक पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पहुंच गए थे। वहीं से पुलिस ने सभी टीचरों को गिरफ्तार कर लिया। इन टीचरों को शहर से करीब 5 किमी दूर गुरुकुल के जिम्नास्टिक हॉल में रखा गया है। इनमें जिला संयोजक पियूष गुप्ता, जिला प्रवक्ता अजय चौधरी सहित अन्य महिलाऔर पुरुष सहायक शिक्षक शामिल हैं। इस दौरान टीचरों ने जमकर नारेबाजी की।

#### शिक्षकों की अनिश्चिकालील हड़ताल पर जाने की चेतावनी

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश सचिव शुखनंदन यादव ने बताया कि शुक्रवार को संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य लाखों की संख्या में रायपुर इकट्ठा होने वाले थे। इसके बाद वह लोग विधानसभा पहुंचकर उसका घेराव करते। इसके लिए उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को आवेदन दिया था। इससे पहले टीचरों की गिरफ्तारी राज्य शासन के निर्देश पर की गई है।

## राजधानी में नवजातों की खरीद-फरोख्त पर शिकंजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि शहर की बजाय गांवों या आउटर में रहने वालों को टारगेट किया जा रहा है। खासकर उन लोगों को जिनके पहले से 3 या उससे ज्यादा बच्चे हैं। इन लोगों को गैंग रुपए का लालच देता है और बच्चे खरीद लेता है। इसके बाद जरूरतमंद को देने के लिए सौदेबाजी की जाती है। खुलासे के बाद CMHO ने SP को पत्र लिख जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का रैकेट-बच्चा गोद लेना था, नर्स बोली-4 लाख लगेंगे; 16 हजार रुपए में मजिस्ट्रेट-नोटरी से लिखा-पढ़ी भी करा दूंगी प्रकाशित की थी। इसमें रायपुर की एक नर्स बात की गई। जिसमें 4 लाख रुपए में बच्चे को बेचने की बात सामने आई थी। वहीं प्रदेश में बैन होने के बावजूद अनमैरिड लड़कियों से सरोगेसी के बारे में भी पता चला था। इस खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग के साथ ही प्रशासन और पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है।



## छत्तीसगढ़ में फिर से 20 ट्रेनें कैंसिल

**कुछ गाड़ियां रास्ते में समाप्त की जाएंगी; इंटरलॉकिंग और ऑटो सिग्नलिंग के काम के चलते रेलवे का फैसला**

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) बिलासपुर के नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेलवे स्टेशन में 25 से 27 जुलाई तक नॉन इंटरलॉकिंग व ऑटो सिग्नलिंग का काम होगा।

इसके चलते इस रूट की 20 ट्रेनों को 24 से 28 जुलाई तक कैंसिल कर दिया गया है। वहीं, कुछ गाड़ियां बीच में ही समाप्त कर दी जाएंगी। रेलवे ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

### रदद होने वाली गाड़ियां

25 एवं 26 जुलाई को दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया स्पेशल रद्द रहेगी।

25 एवं 26 जुलाई को गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग स्पेशल रद्द रहेगी।

25 एवं 26 जुलाई को गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-इतवारी मेमू रद्द रहेगी।

25 एवं 26 जुलाई को इतवारी से छूटने वाली 08744 इतवारी-गोंदिया मेमू रद्द रहेगी।



25 एवं 26 जुलाई को रायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-इतवारी स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।

26 एवं 27 जुलाई को इतवारी से छूटने वाली 08268 इतवारी-रायपुर स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।

25 एवं 26 जुलाई को कोरबा से छूटने वाली 18239 कोरबा-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 एवं 26 जुलाई को कोरबा से छूटने वाली 18240 इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 एवं 26 जुलाई को बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

26 एवं 27 जुलाई को इतवारी से छूटने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

आंदोलन..

### लोधी समाज ने कहा-जल्द कार्रवाई नहीं, तो उग्र आंदोलन

## दुष्कर्म कांड पर कैंडल मार्च: सड़कों पर उतरे लोग, छात्रा को दी श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में केंद्रीय स्कूल की छात्रा के रेप और फिर हत्या से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्रा को न्याय दिलाने की मांग और दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं।



शुक्रवार को लोधी समाज के तमाम लोग थाने पहुंचे और मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले गुरुवार शाम को महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाल कर छात्रा को श्रद्धांजलि दी। कल भी शहर के तमाम स्कूलों की छात्राएं सड़क पर उतरकर न्याय की मांग करेंगी।

जिला लोधी समाज के बैनर तले समाज के तमाम लोग शुक्रवार को सड़कों पर निकले। हाथ में बैनर और पोस्टर लिए यह लोग छत्तीसगढ़ की निर्भया और हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाते रहे। इसके बाद रैली निकाल डोंगरगढ़ थाने पहुंचे और मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस को CCTV फुटेज मिल गई है। उसमें दिख रहा बाइक सवार आरोपी हो सकता है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हुई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे लेकर समाज में नाराजगी है।

लोधी समाज ने आरोपियों की जल्द पहचान नहीं होने और परिवार को उचित न्याय नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में लोधी समाज के जिला अध्यक्ष राजभान लोधी, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, युवा लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुलचंद लोधी, जिलाध्यक्ष राघव लोधी सहित तमाम लोग शामिल हुए। इससे पहले गुरुवार शाम को महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाला और छात्रा को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को भी शहर के सभी स्कूलों के 8वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं रैली निकालेंगी।

### पुलिस के हाथ अभी तक खाली

*फिलहाल पूरी वारदात के बाद पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। CCTV फुटेज सामने होने के बाद भी पुलिस अभी तक संदिग्ध बाइक सवार तक नहीं पहुंच सकी है। बताया जा रहा है कि आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा अन्य थानों को भी फुटेज में मिली फोटो भेजी गई है। पुलिस के सामने सबसे पहले बाइक सवार युवक की पहचान करना है। यह भी संभावना हो कि बाइक सवार ही आरोपी हो या फिर उसके जरिए पुलिस को वारदात का क्लू मिल सके।*

## ट्रक के नीचे आया अधेड़, 2 टुकड़े हो गए

ट्रैफिक रूल तोड़ने के चलते हादसा, ड्राइवर पकड़ा गया

**भिलाई।** नेहरू नगर चौक में ट्रैफिक रूल तोड़कर भाग रहा स्कूटी सवार ट्रक के नीचे आ गया। ट्रक का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। इससे उसके शरीर के 2 टुकड़े हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद ट्रैफिक सिपाही ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई करके शव को पीएम के लिए भेजा गया।



ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार सुबह 11.40 बजे हुई है। नेहरू चौक में ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस का जवान दुर्ग से रायपुर की तरफ जाने वाले वाहनों को पास करा रहा था। इसी दौरान सेक्टर एरिया से अंडर ब्रिज मार्ग की तरफ से दो लोग स्कूटी सीजी 04 एचवाय 6744 से काफी तेज रफ्तार में आए।

ट्रैफिक सिपाही ने चालक को रुकने का संकेत दिया। इसके बाद भी वह यातायात पुलिस के द्वारा दिये गए संकेतों का पालन न करते हुए तेज रफ्तार में चौक क्रॉस करने लगा। जैसे ही वह चौक के बीच पहुंचा, नागपुर की तरफ से आए ट्रक एमपी 04 एचई 4452 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे स्कूटर में पीछे बैठे बोरसी निवासी कल्याण साहू (50 वर्ष) के ऊपर से ट्रक गुजर गया। ट्रक का पहिया चढ़ने से उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

